बिजली उपभोक्ता हो जाएं साइबर अटैक से सावधान

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के संज्ञान में आया है कि बिजली उपभोक्ताओं को कुछ अनाधिकृत लोगों द्वारा स्पैम एस. एम. एस. भेजे जा रहे हैं , जिसमे उपभोक्ता को सूचित किया जाता है कि उनका बिजली कनेक्शन आज रात को डिसकनेक्ट कर दिया जायेगा क्योंकि उनका बिल भुगतान अपडेट नहीं हुआ है। इस एस. एम. एस. में उपभोक्ता को एक मोबाइल नंबर पर संपर्क करने को कहा जाता है। इस मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर उपभोक्ता को प्ले स्टोर में जाकर एक मोबाइल ऐप डाउनलोड करने को कहा जाता है। इस मोबाइल एप को डाउनलोड करने पर उपभोक्ता का मोबाइल डाटा हैक हो सकता है तथा उसे वित्तीय नुकसान भी हो सकता है।अतः छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी अपने उपभोक्ताओं को इस प्रकार के एस एम एस नहीं भेजता है। कंपनी अपने सभी उपभोक्ताओं से निवेदन करती है कि वो ऐसे किसी भी अनधिकृत एस. एम. एस. को नज़र अंदाज़ करें तथा गूगल प्ले स्टोर तथा ऐप स्टोर में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अकाउंट पर उपलब्ध CSPDCL Mor Bijlee App के अलावा किसी अन्य ऐप को डाउनलोड न करें। ध्यान रहे कि छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को सूचनार्थ भेजे जा रहे एस. एम. एस. CSPDCL सेन्डर आई डी के साथ भेजे जाते हैं ।